# छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड

प्रधान कार्यालयः ऑफिस कैम्पस, ब्लॉक 7 (A)सेक्टर–24, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
CIN - U01135CT2001SGC014669, Website-http://rvvn.cgstate.gov.in,
E-mail- vanvikasnigam@yahoo.comGSTN - 22AACCC2857LAZF

क्र./वविनि/03/2022/1178 नवा रायपुर/दिनांक....05/05/2022

## विज्ञप्ति

**विषयः–** **छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम में परियोजना क्षेत्रपाल की सीधी भर्ती में चयन के संबंध में ।**

–00–

विषयांतर्गत, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लि. नवा रायपुर में परियोजना क्षेत्रपाल पद पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन दिनांक 29.10.2021 के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा दिनांक 26.12.2021 को आयोजित परीक्षा का परिणाम सी.जी. व्यापम के वेब साइट पर अपलोड किया गया है । उक्त परीक्षा परिणाम के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों (Shortlisted Candidates) की सूची एवं परियोजना क्षेत्रपाल के पद पर सीधी भर्ती हेतु भर्ती नियम एवं चयन प्रक्रिया की नियमावली भी वन विकास निगम के वेबसाइट rvvn.cgstate.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है ।

चयन सूची के आधार पर परियोजना क्षेत्रपाल की भर्ती में द्वितीय चरण की परीक्षा में अभ्यर्थी उपस्थित होवें । इस परीक्षा में दिनांक 25.05.2022 को मूल अभिलेखों की जाँच एवं मेडिकल बोर्ड, रायपुर के समक्ष शारीरिक मापदण्ड का परीक्षण तथा दिनांक 26.05.2022 को शारीरिक क्षमता परीक्षण होगा । परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम निम्नानुसार है –

1. अभ्यर्थी दिनांक 25.05.2022 को प्रातः 10:30 बजे छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम, प्रधान कार्यालय ऑफिस कैम्पस, ब्लॉक 7 (A) सेक्टर–24, नवा रायपुर, अटल नगर में उपस्थित होवें।कार्यालय में परियोजना क्षेत्रपाल के पद पर सीधी भर्ती हेतु भर्ती नियम एवं चयन प्रक्रिया की नियमावली के अनुसार उनके निम्नलिखित मूल प्रमाण पत्रों की जाँच की जावेगी। अभ्यर्थी मूल अभिलेखों में स्थायी निवास, आयु, शैक्षणिक अर्हता, जाति, आय, नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अभ्यर्थी के संबंध में अन्य प्रमाण पत्र जो भी लागू हो अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगें ।

   दिनांक 25.05.2022 को ही मूल अभिलेखों के जाँच उपरांत अभ्यर्थी का मेडिकल फिटनेस परीक्षण अधीक्षक, डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय (जेल रोड़), रायपुर में होगा । अभ्यर्थी मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करें। उम्मीदवारों को मेडिकल बोर्ड से मेडिकल परीक्षण कराने के पूर्वबोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करानी होती है। नमूना जांच आदि में यदि कोई शुल्क देय है, तो उसका वहन अभ्यर्थी स्वंय करेगें। मेडिकल परीक्षण उपरांत निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण पत्र प्राप्त कर क्षेत्रीय महाप्रबंधक, कार्यालय नवा रायपुर (छ.ग.) को प्रस्तुत करें।
2. दिनांक 26.05.2022 को अर्हकारी पैदल चाल परीक्षण के लिये प्रातः 5:00 बजे श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल, नवा रायपुर के मुख्य द्वार के पास उपस्थित होवें । पैदल चाल परीक्षण प्रातः 5:30 बजे प्रारंभ होगी । निर्धारित समय पर उपस्थित न होने की दशा में अभ्यर्थी को अतिरिक्त अवसर की पात्रता नहीं होगी । पैदल चाल परीक्षण में पुरूष उम्मीदवारों को 26 कि.मी.एवं महिला उम्मीदवारों को 16 कि.मी. पैदल चाल अधिकतम 04 घंटे में पूर्ण करना होगा।
3. अभ्यर्थी अपने साथ व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र, आधार कार्ड की प्रति एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साईज कलर फोटोग्राफ लेकर आवें।
4. अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा जा रहा है, शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु संलग्न चयन सूची अनुसार यदि किसी अभ्यर्थी को बुलावा पत्र प्राप्त नहीं होता है, तब भी वे उपरोक्तानुसार उपस्थित होवें ।

**छ.ग. राज्य वन विकास निगम**

**प्रबंध संचालक**